卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 208 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦9 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in







# बादल फटने से मची तबाही

## मलवा आने से कई लोग घर छोड़ने को मजबूर, कई वाहन भी मलवे में दबे

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सोमेश्वर में बुधवार रात बादल फटने से आफत आ गई। भारी बारिश से कई मकानों में मलबा घुस गया। कई वाहन मलवे में दब गये। अल्मोड़ा और बागेश्वर जिलों को जोड़ने वाला अल्मोड़ा-कौसानी हाईवे बंद हो गया। बारिश का पानी मलबे के साथ घरों के आगे नाले के रूप में बहने लगा। जिससे लोग घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर दौड़ पड़े। बारिश के पानी के साथ मलबा और बोल्डर घरों तक पहुंच गये। इससे मकानों में दरारें पड़ गईं। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। बुधवार देर शाम सोमेश्वर क्षेत्र के चनौदा और अघूरिया में अचानक बादल फटा और भारी बारिश हुई। चनौदा में गांव के पीछे की ओर से बारिश का पानी अपने साथ मलबा और बोल्डर बहा लाया। देखते ही देखते मलबा और बोल्डर घरों के आगे पहुंच गए तो लोग बाहर की तरफ दौड़ पड़े। कुछ ही देर में मलबे से कुंवर भाकुनी, सुनील भाकुनी, संजय भाकुनी, बालम भाकुनी, ललित भाकुनी के मकान पट गए। घरों में रखा सामान भी मलबे में (शेष पृष्ठ 7 पर)





# चारधाम यात्रा के लिए पुख्ता इंतजाम :धामी

काशीपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को यहां अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बाद में उन्होंने



वन विकास निगम के दिवंगत अध्यक्ष कैलाश चन्द्र गहतोड़ी के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और परिवारजनों को ढांढस बंधाया। तय कार्यक्रम के मुताबिक सीएम धामी गुरूवार को काशीपुर पहुंचे। उनके साथ उनकी (शेष पृष्ठ 7 पर)







# अटरिया मेले से कमाये करोड़ो ,जमा नही किया लाखों का शुल्क

## मेले के आयोजन में हुआ लाखों का गोलमाल,मेले की राजस्व अदायगी में हो रही हीलाहवाली

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अटरिया रोड़ पर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मां अटरिया मंदिर में चैत्र माह में नवरात्र के अष्टमी पर्व दिवस से पिछले कई दशकों से अटरिया मेले का आयोजन होता आ रहा है। जिसमें नगर एवं दूरदराज क्षेत्रों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आकर मां अटरिया की विधि विधान से पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगते हैं। मान्यता है कि मंदिर में मांगी गई मन्नतें मां अटरिया अवश्य पूरी करती है। मंदिर परिसर के बाहर सरकारी एवं काश्तकारों की भूमि पर दशकों से मेला भी आयोजित होता आ रहा है। जिसमें पूजा सामग्री, खान पान की दुकानों के साथ ही खेल खिलौने, श्रृंगार सामग्री, बर्तन, कपड़े, दैनिक उपयोग की वस्तुएं सहित कई झूले भी लगाये जाते हैं। जहां मेले में आने वाले श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना करने के साथ ही मेंले में खरीददारी तथा मनोरंजन करते हैं। पूर्व में यहां मेले आयोजन की जिम्मेवारी ठेका प्रथा पर दी जाती थी। परंतु मन्दिर समिति का ठेकेदारों से वैचारिक मतभेदों के कारण गत वर्ष प्रशासनिक अधिकारियों की मध्यस्थता में कमेटी का गठन कर मेला आयोजन के लिए नीलामी की गई। पिछले वर्ष मेला का ठेका 22 लाख रूपये से ऊपर में छूटा था और जीएसटी लगाकर 26 लाख रूपये से ऊपर की रकम सरकारी खजाने में जमा कराई गई थी। परंतु इस वर्ष लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगी आचार संहिता के चलते मेले के आयोजन के लिये नीलामी नहीं कराई जा सकी। जिस पर माता अटरिया मन्दिर समिति द्वारा प्रशासन को एक पत्र भेजकर मेले लगाये जाने की अनुमति मांगी गई। अनुमति न मिलने के बावजूद भी समिति द्वारा मेले का आयोजन कर लिया गया। बताया जाता है कि समिति द्वारा पिछले वर्ष हुई नीलामी की धनराशि जितना शुल्क इस वर्ष भी सरकारी खजाने में जमा कराये जाने की बात कहकर मेला लगाया गया था। मेले के दौरान चढ़ावा,मुण्डन, शौचालाय,सर्कस, झूले और दुकाने आदि से मन्दिर समिति को पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी करोड़ो रूपये की आय हुई। करोड़ों में आय होने के बावजूद भी मन्दिर समिति द्वारा 26 लाख रूपये से अधिक का शुल्क सरकारी खजाने में अभी तक जमा नही कराया गया है। सरकारी शुल्क जमा न कराये जाने की जानकारी जब एसडीएम को लगी तो उन्होने गत दिवस मेले के सभी पक्षकारों को बुलाकर जमकर फटकार लगाई। इस दौरान एक पक्षकार द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा 6 लाख रूपये सरकारी खजाने में जमा करा दिये गये है। एसडीएम ने मन्दिर समिति को 1 दिन का समय देते हुये शेष सरकारी शुल्क तुरन्त जमा करने (शेष पृष्ठ सात पर)



# चारधाम यात्रियों की सुगम और सुरक्षित यात्रा नए कीर्तिमान स्थापित करेगी : धामी

## सीएम ने नोडल अधिकारियों को सभी तैयारियां पूर्ण करने के दिए निर्देश

देहरादून/ रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को चारधाम यात्रा संबंधी तैयारियों की समीक्षा के बाद रुद्रप्रयाग से गुप्तकाशी तक सड़क मार्ग का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान यात्रा मार्ग पर महिला समूहों के सशक्तिकरण के लिए दुग्ध विभाग की ओर से बनाए गए आंचल कैफे का भी उद्घाटन किया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर बनाई गई वाहन पार्किंग एवं पार्क का भी अवलोकन किया। चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सरकार हर संभव सुविधा प्रदान करने के लिए धरातल पर कार्य कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूद्रप्रयाग में चारधाम यात्रा की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में जिला स्तरीय एवं यात्रा हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों को सभी तैयारियों को सुनियोजित तरीके से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर यात्रा रूट पर तैनात सफाई कर्मचारियों, पीआरडी जवानों, स्वयंसेवकों, पुजारियों एवं अन्य सभी कर्मचारियों के लिए करवाए जा रहे सामूहिक बीमा का पहला बीमा पत्र जारी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद में स्थापित किए गए कंट्रोल रुम का अवलोकन कर यात्रा कपाट खुलने के दिन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए हम कार्य कर रहे हैं। देवभूमि आने वाले



कर्मचारियों के लिए तैयार किए गए गर्म जैकेट एवं यूनिफॉर्म भी लॉन्च किया। इसके साथ ही यात्रा के लिए तैयार गाइडलाइन एवं हेल्प बुक की भी लॉन्चिंग की। जिला प्रशासन की ओर से मार्ग एवं धाम में लगाए गए सीसीटीवी फुटेज का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्गों पर भी बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ ही लोगों को यात्रा के दृष्टिगत कोई भी समस्या न हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बार चारधाम यात्रा पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# गाडू घड़ा तेल यात्रा ने किया बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान

टिहरी। गाडू घड़ा तेल यात्रा ने बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया। श्री लक्ष्मी–नारायण मंदिर डिम्मर से गाडूघड़ा तेल यात्रा आज निकली। 12 मई को धाम के कपाट खुलेंगे। श्री बदरीनाथ धाम गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा 25 अप्रैल की देर शाम नरेंद्र नगर राज दरबार से निकली थी। 11 मई की शाम कई पड़ावों से होते हुए यात्रा बदरीनाथ धाम पहुंचेगी और 12 मई को धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। राजमहल नरेंद्र नगर में परंपरानुसार डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत पदाधिकारियों की उपस्थिति में महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह और सुहागिन महिलाएं



भगवान बदरी विशाल के अभिषेक के लिए तिलों से तेल पिरोकर चांदी के कलश में रखाप था। भगवान बदरीनाथ के अभिषेक के उपयोग में लाया जाने वाला तिल का तेल नरेंद्रनगर राजदरबार में पिरोया जाता है। और यह तेल गाडू घड़ा में डाला जाता है। सात मई को गाडूघड़ा तेल कलश लक्ष्मी नारायण मंदिर में स्थापित किया गया। 8 को यात्रा सिमली, कर्णप्रयाग होते हुए पाखी गांव पहुंची। 9 को नृसिंह मंदिर जोशीमठ और 10 को यात्रा आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी, बदरीनाथ के रावल, धर्माधिकारी व वेदपाठियों के साथ रात्रि प्रवास के लिए योगध्यान मंदिर पांडुकेश्वर पहुंचेगी।

# बेकाबू टैम्पो पलटने से युवती सहित 8 घायल, एक की हालत नाजुक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आज दोपहर श्रमिकों को लेकर सिडकुल जा रहा टैम्पो मार्ग में अनियत्रित होकर पलट गया जिससे टैम्पो चालक सहित आठ श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय ले जाया गया है। घायलों में एक की हालत चिंताजनक देखते हुये चिकित्सकों ने सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी के लिये रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार आज दोपहर मौहल्ला जगतपुरा निवासी महेन्द्र कुमार पुत्र पनीराम अपने टैम्पो संख्या यूके 06 टीए 6701 में सिडकुल की अलग–अलग फैक्ट्रियों के श्रमिकों को लेकर सिडकुल ढाल से रवाना हुआ।



जब वह नारी फार्म से सिडकुल सेक्टर चार के पास पहुंचा तो तीव्र गति से जाता टैम्पू अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे टैम्पो में सवार यात्रियों में चीख पुकार शुरू हो गई। आसपास खड़े लोगों ने यात्रियों को टैम्पों से निकाला। इस दुर्घटना में चालक महेन्द्र कुमार सहित आजादनगर ट्रांजिट कैम्पा निवासी कृष्णा पुत्र छेदी चौहान, सचिन कुमार पुत्र दया राम, तारा चन्द्र पुत्र राम भरोसे, ट्रांजिट कैम्प निवासी अनिल कुमार पुत्र बालक राम, ठाकुर नगर निवासी रिंकू पुत्र जंग बहादुर व रेनू पुत्री गजेन्द्र आदि गंभीर रूप से घायल हो गय। सभी घायलों को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां रिंकू की हालत चिंता जनक देखते हुये चिकित्सकों ने उसे सुशीला तिवारी अस्पताल,हल्द्वानी के लिये रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली और चिकित्सालय आकर घायलों का हालचाल जाना।

# 'पिरूल लाओ–पैसे पाओ' मिशन के लिए 50 करोड़ का कार्पस फंड

देहरादून। पहाड़ों पर काफी मात्रा में चीड़ के पेड़ होते हैं। चीड़ की पत्तियां (पिरूल) पहाड़ों पर एक ओर जहां फिसलन बढ़ा देती हैं तो वहीं दूसरी ओर जंगलों में आग लगने का एक बड़ा कारण भी ये हैं। सूबे के मुखिया सीएम धामी ने आज कहा कि सरकार 'पिरूल लाओ–पैसे पाओ' मिशन पर काम कर रही है। जिसके तहत पिरूल लाने पर आपको पैसे मिलेंगे। 'पिरूल लाओ–पैसे पाओ' मिशन ते तहत ग्रामीणों को जंगलों से पिरूल इकट्ठा कर के लाना होगा। जिसके उन्हें रूपए मिलेंगे। सीएम धामी ने बताया कि इस मिशन के तहत जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरूल कलेक्शन सेंटर पर 50 रूपए किलो की दर से पिरूल खरीदे जाएंगे। बता दें कि इस मिशन का संचालन पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा किया जाएगा। इसके लिए 50 करोड़ का कार्पस फंड पृथक रूप से रखा जाएगा। आप भी जंगलों में आग लगने के सबसे बड़े कारण पिरूल से पैसे कमा सकते हैं। हालांकि पहाड़ों पर पिरूल को पहले से ही इकट्ठा किया जाता है। लेकिन ये पिरूल गौशाला में इस्तेमाल के लिए उपयोग में लाया जाता है। लेकिन अब इस से आप पैसे कमा सकते हैं। 'पिरूल लाओ–पैसे पाओ' मिशन के तहत आपको पिरूल को इकट्ठा कर पिरूल कलेक्शन सेंटर तक ले जाना है। इसके आपको प्रति किलो 50 रूपए मिलेंगे। आपको बता दें कि प्रदेश में साल 2018 में पिरूल नीति लागू की जा चुकी है। आपको बता दें कि इस से पहले भी पिरूल को लेकर एक योजना शुरू की गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के कार्यकाल में प्रोजेक्ट पिरूल शुरू किया गया था। इस योजना के तहत पिरूल से बिजली बनाई गई थी। बता दें कि कुछ समय के लिए पिरूल से बिजली का उत्पादन भी हुआ था। लेकिन फिर ये योजना ठीक से चल नहीं पाई।

# पंतनगर विवि परिसर में स्थापित हो हाई कोर्ट: तिवारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन ने बैठक आयोजित कर हाई कोर्ट व प्रदेश सरकार को सुझाव दिया है कि यदि हाई कोर्ट को नैनीताल से स्थानांतरित किया जाता है तो पंतनगर विश्व कृषि विश्व विद्यालय में नौ एकड़ की भूमि इसके लिए सर्व उपयुक्त रहेगी। पत्रकारों से बातचीत करते एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष एमपी तिवारी व नव निर्वाचित अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय ने कहा कि पंतनगर क्षेत्र में यदि हाई कोर्ट की स्थापना की जाती है तो यहां आने वाले वादकारियों, अधिवक्ताओं माननीय न्यायाधीशों के आवागमन को किसी भी तरह से कोई परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि यहां पर आवागमन के लिए रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, रोडवेज, निजी टैक्सी आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं मौजूद हैं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के साथ यहां 31 व 46 वीं वाहिनी



पीएसी भी हर समय तैयार है । उन्होंने कहा कि नेशनल हाई वे होने के कारण यह क्षेत्र हर प्रकार से तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। यहां यातायात के साथ पेयजल, आवास, विद्युत आदि आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं जिनका हाई कोर्ट की स्थापना के पश्चात और अधिक विस्तार होना स्वाभाविक है। श्री तिवारी व श्री दिवाकर ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन पूर्व में कई बार जनपद मुख्यालय में लेबर कोर्ट, क्रिमिनल कोर्ट, कोमर्शियल कोर्ट आदि की स्थापना के लिए निरंतर आग्रह करता आ रहा है। परंतु उनकी जनहित के इस आग्रह पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। यदि हाई कोर्ट की स्थापना कर दी जाती है तो सभी आग्रह स्वत: ही स्वीकार हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि पंतनगर में हाई कोर्ट स्थापना का लाभ देवभूमि के कुमायूं तथा गढ़वाल दोनों ही मंडलों के निवासियों को समान रूप से मिलेगा।आवागमन की बेहतर सुविधा के साथ कम किराए पर होटल व सस्ता तथा गुणवक्ता युक्त खाना भी मिल सकेगा। वार्ता के दौरान सचिव सुशीला मेहता बिष्ट, चंद्रप्रकाश जोशी, नवनिर्वाचित सचिव सर्वेश सिंह, उपाध्यक्ष श्री कृष्ण चंद्र आदि मोजूद थे।

# मेयर के टिकट के दावेदार भाजपा नेता वेद ठुकराल का वोट भी कटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकाय चुनाव की वोटर लिस्ट से नाम गायब होने के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। कई वार्डों में बड़ी संख्या में मतदाता सूचियों से मतदाताओं



के नाम गायब हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद ठुकराल और उनके परिवार के वोट भी सूची से गायब हैं। गल्ला मंडी वार्ड संख्या 27 निवासी वेद ठुकराल भाजपा से मेयर के टिकट के प्रबल दावेदार हैं। उन्होनें बताया कि सूची से उनके पूरे परिवार के वोट कट गये हैं। ठुकराल का कहना है कि वोट कटने में साजिश की बू आ रही है। उनके पड़ोस में भुड्डी एवं फुटेला परिवार के वोट भी कट गये हैं। फिलहाल वोट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। इस आशंका को देखते हुए भाजपा नेता वेद ठुकराल ने अपने मालिक कॉलोनी आवास वार्ड संख्या 31 मे पहले ही वोट बनवा लिए थे।

# अहिंसा के अग्रदूत थे गोपाल कृष्ण गोखले: द्विवेदी

गदरपुर(उद संवाददाता)। सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के आधार स्तंभ गोपाल कृष्ण गोखले जी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी ने अपने संबोधन में छात्र–छात्राओं को बताया कि गोखले जी अहिंसा के पुजारी,समाज सुधारक के साथ–साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु भी थे। जिन्होंने बिना किसी राजनीतिक



पद की इच्छा के भारत के लोगों की जीवन के अंतिम समय तक सेवा करते रहे। वरिष्ठ प्रवक्ता अंजली जगाती शाह ने गोखले जी द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। आयोजक सचिव डॉ॰संदीप कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में छात्र–छात्राओं को बताया कि गोखले जी ने जातिगत भेदभाव, छुआछूत, रंगभेद, लिंगभेद इत्यादि सामाजिक बुराइयों का घोर विरोध किया और लोगों को इन सामाजिक बुराइयों से न्याय दिलाया। आपका संपूर्ण जीवन मानव सेवा में समर्पित रहा। इस दौरान छात्र–छात्राओं के साथ–साथ निर्मल रानी,राजेंद्र प्रसाद,अमित कुमार, डॉ॰शिव शंकर गौतम, शीबा परवीन, सुरेंद्र सिंह यादव, उमाशंकर द्विवेदी इत्यादि विद्यालय परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

# कार चोरी का पांच घंटे में किया खुलासा

रामनगर(उद संवाददाता)। शहर के मोहल्ला भरतपुरी इलाके में बुधवार की दोपहर दिनदहाड़े एक अज्ञात चोर ने इनोवा कार चोरी कर पुलिस के सुरक्षा दावों की पोल खोल दी थी । घटना की जानकारी मिलने के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने मात्र 5 घंटे के भीतर इनोवा कार के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मोहल्ला



भरतपुरी निवासी हरीश चंद्र घिल्डियाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा उसकी इनोवा कर चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मामले में वाहन स्वामी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई जिसमें पुलिस ने घटना के मात्र 5 घंटे के भीतर ही मोहल्ला बंबाघेर निवासी हर्षित शर्मा को उक्त चोरी की कार साथ दबोच लिया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर निकली गई भव्य शोभा यात्रा

## शिरोमणी महाराणा प्रताप की विरासत को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेंदारी: अशोक राणा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती पर नगर में राणा समाज के लोगों ने उनकी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर भव्य शोभा यात्रा निकाली। खटीमा रोड स्थित पैलेस में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये अशोक राणा ने अपने समाज के लोगों को महाराणा प्रताप के सिद्धांतों चलने व उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का आहवान करते हुये कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे को अपनाकर अपने वंश को खराब कर रही है। उन्होंने राणा समाज के लोगों से आहवान करते हुये कहा कि महाराणा प्रताप का वंशज कभी किसी के सामने झुकेगा नही। नकुलिया के पूर्व प्रधान राधेश्याम राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप के सिद्धान्त उनके संघर्ष को कभी भुलाया नही जा सकता है। राणा समाज के लोगों को महाराणा प्रताप पर फक्र होना चाहिए कि उन्होंने कैसे विषम परिस्थितियों में अपने राणा समाज के लिए लड़ाई लड़ी। पैलेस में आयोंजित कार्यक्रम में थारू संस्कृति पर आधारित नाटक एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। जिसके पश्चात नगर में महाराणा प्रताप की झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज की सैकड़ो महिलाएं शामिल हुई। शोभा यात्रा खटीमा रोड से गुरूद्वारा रोड व सितारगंज रोड से होते हुये वापस हुई। इस मौके पर निर्वमान चौयरमेन प्रेम सिंह राणा, ज्ञान सिंह राणा, सभासद नरेन्द्र राणा, सभासद रंजीत राणा, मा0 रधेश्याम राणा, भाष्कर सम्मल, जगदीश जोशी, दिनेश गोयल, निषिकेत भटट, नवीन अटवाल, सुखवीर राठौर आदि मौजूद थे।





## क्षेत्र मे महाराणा प्रताप के नाम से खुला महाविद्यालय: प्रेम राणा

नानकमत्ता। क्षेत्र के पूर्व विधायक डा0 प्रेम सिंह राणा ने महाराणा प्रताप की जयंती की बधाई देते हुयं कहा कि महाराणा प्रताप के संघर्ष सें ही हमारे समाज की पीढ़ी आज है। महाराणा प्रताप साहस को नमन करते हुये उन्होंने राणा समाज के सभी लोगों से महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलने का आहवान करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास से क्षेत्र में एक महाविद्यालय खोलने की अनुमति मिली। साथ ही महाविद्यालय खुलने के बाद उनकी मांग पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नगर में स्थापित महाविद्यालय का नाम महाराणा प्रताप रखा है। जिसके लिए राणा समाज सीएम धामी का आभार व्यक्त करता है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

## दीपांशु ने पेश की पार्षद पद की दावेदारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम चुनाव को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश के बाद राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव कराने की पूरी तैयारी में है। ऐसे में नगर निगम में पार्षद पद पर चुनाव लड़ने के लिए सत्ताधारी दल भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी दावेदारी पेश की जा रही है। नगर निगम वार्ड नंबर 16 बाजार क्षेत्र से भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री दीपांशु शर्मा ने भी पार्षद पद पर अपनी दावेदारी पेश कर दी है। उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट एवं नगर महामंत्री प्रताप रैकवाल के समक्ष बाजार क्षेत्र वार्ड नंबर 16 से पार्षद पद पर चुनाव लड़ने की मजबूत दावेदारी पेश की है। उन्होंने कहा यदि पार्टी ने उन्हें बाजार क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया तो वह पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे और अच्छे बहुमत से चुनाव जीतकर भी दिखाएंगे। फिलहाल उन्होंने संगठन के माध्यम से अपनी दावेदारी पेश की है और संगठन पर उन्हें पूरा भरोसा है कि वह उनकी राजनीति में सक्रियता को देखते हुए बाजार क्षेत्र वार्ड 16 से भाजपा का पार्षद पद का प्रत्याशी बनाएंगे।



## ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर दो छात्राओं की दर्दनाक मौत

चंपावत। चंपावत से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है।10 छात्राएं ट्रैक्टर ट्रॉली से लिफ्ट लेकर स्कूल से घर लौट रही थी। इस दौरान दो छात्राएं अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रॉली से नीचे आ गिरी। दोनों छात्राओं की ट्रॉली के पहिए के नीचे आकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। हादसा बुधवार का है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बुड़म के सकुनी तोक निवासी कविता (16) और अनीता (17) सूखीढांग- डांडा- मीडार से हर रोज की तरह अपनी अन्य सहेलियों के साथ घर आ रही थी। इस दौरान उन्होंने सड़क से गुजर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली से लिफ्ट मांगी और उसमे चढ़ गई। लिफ्ट मांगने वालों में 10 छात्राएं शामिल थी। बताया जा रहा है कुछ दूर जाकर मोड़ पर कविता और अनीता का संतुलन बिगड़ गया और वो पहिए के नीचे आ गिरी। पहिए के नीचे आने से दोनों छात्राओं की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने दोनों मृतका के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

## जिला उधमसिंह नगर में जिले केवल 40 प्रतिशत गंभीर अपराध के मुकदमों में सजा

काशीपुर (उद संवाददाता)।वर्ष 2023 में उधमसिंह नगर के न्यायालयों ने कुल 9107 अपराधिक मुकदमों का फैसला किया है तथा भारतीय दंड संहिता के गंभीर अपराधों (सत्र न्यायालय) वाले मुकदमों में 40 प्रतिशत 70 मुकदमों में सजायें हुई है जबकि 107 मुकदमों में रिहाई हुई है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने अभियोजन निदेशालय से वर्ष 2023 में मुकदमों में सजा व रिहाई सम्बन्धी विवरणों की सूचना मांगी थी। जिसके उत्तर में संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी ने अपने पत्रांक 86 से सम्बन्धित विवरण की फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी गयी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2023 में भारतीय दंड संहिता के सत्र न्यायालय में विचारण योग्य गंभीर मुकदमों (हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार आदि) के 188 मुकदमें निर्णीत हुये जिसमें 70 मुकदमों में सजा हुई है जबकि 107 मुकदमों में रिहाई हुई है अर्थात अभियोजन व पुलिस अपराध के साबित करने में सफल नहीं हुये हैं। इस अवधि में 11 ऐसे मुकदमें क्वैश/दाखिल दफ्तर भी हुये है। सजा का प्रतिशत 40 प्रतिशत है। अन्य अधिनियमों के अन्तर्गत सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय गंभीर मुकदमों में सजा का प्रतिशत 83 है। 2023 में ऐसे 910 मुकदमें निर्णीत हुये है जिसमें 704 मुकदमों में सजा हुई है तथा 149 मुकदमों में अपराध साबित नहीं हुये है व रिहाई हुई है। ऐसे 57 मामले दाखिल दफ्तर/क्वैश हुये है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2023 में अधीनस्थ न्यायालयों (मजिस्ट्रेटों आदि के न्यायालयों) में भारतीय दंड संहिता के अपराधों के 645 मामलों में सजा हुई है जबकि 196 मामलों में रिहाई हुई है। इस अवधि में 613 मुकदमों में राजीनामा हुआ है तथा 282 मामले दाखिल दफ्तर/क्वैश हुये है। 01 मुकदमा शासन द्वारा वापस लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट जसपुर में विचाराधीन शीतल जोशी के विरूद्ध थाना जसपुर में दर्ज एफ. आई.आर. संख्या 228/2017 से सर्म्बंधित फौजदारी वाद संख्या 227/2018 धारा 353/332/504//506 का मुकदमा न्यायालय की सहमति से लोक हित के आधार पर वापस लिया गया है। अन्य अधिनियम के अन्तर्गत अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा विचारणीय मुकदमों में 4138 मामलों में सजा हुई है जबकि 185 मामलों में रिहाई हुई हैं। 30 मामले दाखिल दफ्तर/क्वैश हुये है। सजा वाले मामलों में मोटर वाहन अधिनियम सहित अन्य अधिनियम के चालान व जुर्माने के मामले भी शामिल होते हैं। श्री नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार 2023 के प्रांरभ में जिला उधमसिंह नगर के सत्र न्यायालयों में 2640 मुकदमें लम्बित थे जो वर्ष के अन्त में बढ़कर 3193 रह गये जबकि इस अवधि में 1651 नये मामले दायर हुये हैं। 2020 के प्रारंभ में जिले के अधीनस्थ न्यायालयों में अपराधों के कुल 27902 मुकदमें लम्बित थे जो वर्ष के अंत में बढ़कर 31161 हो गये जबकि इस अवधि में 11268 नये मुकदमें दायर हुये हैं।

## पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

### सड़कों के किनारे खड़े कई भारी वाहनों के काटे चालान

काशीपुर/कुंडा(उद संवाददाता)। मंडी चौकी प्रभारी मनोहर चंद्र ने कांस्टेबल त्रिलोक सिंह व अन्य हमराहियों को साथ लेकर जसपुर रोड पर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए विभिन्न अनियमितताओं के आरोप में दर्जनों वाहनों के चालान काटे। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने बीपी पैकेजिंग तथा ओम इंडस्ट्रीज के आसपास सड़क किनारे नियम विपरीत तरीके से खड़े भारी वाहनों का भी चालान कर दिया। पुलिस ने वाहन चालकों को तल्ख लहजे में नियमों के अनुपालन की हिदायत दी। बता दें कि पिछले कुछ समय से जसपुर रोड पर सड़क किनारे भारी वाहनों के खड़े होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका काफी बढ़ गई। ओम इंडस्ट्रीज तथा बीपी पैकेजिंग में माल लेकर आवागमन करने वाले ट्रक आदि भारी वाहन अक्सर फैक्ट्री गेट के सामने सड़क किनारे खड़े कर दिए जाते हैं। भारी वाहनों के खड़े होने से उक्त स्थान पर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसी को दृष्टिगत करते हुए मंडी चौकी प्रभारी मनोहर चंद्र ने बुधवार शाम सघन चेकिंग अभियान चलाकर आधा दर्जन से अधिक भारी वाहनों के चालान काटते हुए उन्हें नियमों के अनुपालन की हिदायत दी। इसके साथ ही पुलिस टीम ने ट्रिपल राइडिंग करने वाले को भी कानून के दायरे में ले लिया। दारोगा में साफ कहा कि यदि यातायात नियमों की अनदेखी हुई तो सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



## श्रद्धा के साथ मनाया श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोल मार्केट श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्त्री सत्संग सभा द्वारा रखे गए सहज पाठ का भोग डाला गया साथ ही समस्त समाज के भले के लिए अरदास की गई। कथावाचक ज्ञानी रेशम सिंह जी ने गुरु इतिहास सुनाया और गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डाला। रागी भाई गुरजीत सिंह जी ने शबद कीर्तन सुनाकर संगतों को निहाल कर दिया। लंगर प्रसाद की सेवा भी की गई। इस अवसर पर इन्द्रजीत सिंह, नरेश कुमार सेठ, नरेन्द्र सिंह घई, किशन खुराना, गुरजीत सिंह, नत्था सिंह, ओमकार सिंह, बलवीर सिंह कामरा, जितेन्द्र चौधरी, राजू मल्होत्रा, अशोक घई, अरजीत सिंह गरोवर, नरेन्द्र सिंह सजदेवा व स्त्री सत्संग सभा की संगत उपस्थित थी। स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी ने आई हुई सारी संगत का आभार व्यक्त किया।

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133

## भाजपा सरकार में सभी वर्गो का समान विकास: जोशी

खाटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 20 थारू पट्टी में लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों ने बिजली सड़क पानी की निकासी नाली की सफाई विद्युत पोलो की समस्या से अवगत कराया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए एक समान विकास कार्य कर रही है। सरकार की सभी योजनाएं सभी लोगों के लिए एक समान है। सबका सम्मान सबका विकास के नारे को बुलंद करते हुए भाजपा के सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर समस्याओं का निराकरण करते रहेंगे। कार्यक्रम में नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, भाजपा नेता आलोक गोयल, आशा देवी, अभिलाष देवी, पुष्पा देवी, मनीषा, निर्मित राणा, पूनम देवी, निशा देवी, ममता देवी, राजेश्वरी देवी, अंगूरा देवी, सुषमा देवी, सुशीला देवी, लक्ष्मी देवी आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक गोयल ने किया।



# बाढ़ से निपटने के लिए समय पर बनायें कार्य योजना: सीएम

## वर्चुअल बैठक में सीएम ने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी मानसून की तैयारियों की समीक्षा बैठक वर्चुअल माध्यम से लेते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी बाढ़ आपदा से निपटने के लिए कार्य योजना बना लें। उन्होंने निर्देश दिये कि आपदा न्यूनीकरण कार्य समय से करा लें तथा सभी नदी-नालों की ड्रेजिंग कार्य भी कर लिया जाए। उन्होंने सड़क महकमें के अधिकारियों को निर्देश दिये सड़क की नालियों, स्कवर की सफाई कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिये कि बाढ़ आपदा क्षेत्रों को चिन्हीकरण कर लिया जाए तथा बाढ़ अपादा क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों की स्थापना के साथ ही तटबंधों का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य भी कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा काल में मौसम का पूर्वानुमान व नदियों के जल स्तर पर पैनी नजर रखी जाए तथा नदियों के जल स्तर बढ़ने पर समय से चेतावनी अर्लट जारी करें ताकि नदी किनारे रहने वाली बसावट बाढ़ आदि आने से पहले ही विस्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती गांवों व बाढ़ क्षेत्रों में पूर्व ही बाढ़ चौकियाॅ स्थापित करते हुए 24घंटे कर्मचारियों की तैनाती करने, विस्थापन हेतु विद्यालय, पंचायत व अन्य भवन चिन्हित कर लिये जाए ताकि बाढ़ आपदा आने पर उन क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को तुरंत विस्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे चिन्हित स्थानों में बाढ़ आपदा से निपटनें हेतु आवश्यक उपकरण, सैटेलाइट फोन, खाद्य-रसद, दवाइयाॅ अादि का भण्डराण भी कराने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि चिन्हित बाढ़ आपदा क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व जल पुलिस भी तैनात कि जाए। उन्होंने कहा कि आपदा दौरान यातायात सुचारू रखने हेतु सड़क महकमा भू-धसाव, भू-कटाव स्थानों को चिन्हित कर सड़कों के दोनो और जेसीबी तैनात करेंगे साथ ही वैकल्पिक मार्गों का भी



चिन्हीकरण कर लिया जाए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि मानसून काल से पूर्व सभी विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए अपनी-अपनी कार्य योजना तैयार कर लें उन्होंने पेयजल विभाग को टंकियों की सफाई करने तथा क्लोरीन युक्त शुद पेयजल उपलब्ध कराने की व्यस्था के साथ ही बाढ़ आपदा दौरान ध्वस्त पेयजल लाइनों की तुरंत मरम्मत कराने हेतु पाइप, यूनियन, सॉकेट आदि भण्डारण करने व मानव शक्ति भी तैयार रखें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे मानसून काल में सुचारू विद्युत व्यवस्था हेतु पर्याप्त पोल, विद्युत पोल, तारें, इन्सुलेटर, ट्रसुारमर आदि का भी भण्डारण करें।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि डेमों और जलाश्यों में स्लिट जमा हो रही है जिससे डिस्लिटिंग करने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा किसी प्रकार की बाढ़ आपदा के दौरान सक्रियता व सकरात्मकता से कार्य करें तथा सरलीकरण व समाधान नीति को अपनाते हुए तुरंत कार्य करना सुनिश्यित करेंगे।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि आपदा न्यूनीकरण हेतु 17 कार्य चिन्हित कर टेंडर कर कार्य कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि आपदा न्यूनीकरण हेतु नदी-नलों के 51 कार्य किये जाने है जिसके लिए उन्होंने 5 करोड़ की धनराशि की माॅग रखी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजुनाथ टीसी, डीएफओ यू0सी तिवारी, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, मुख्य चिक्तिसा अधिकारी ड0 मनोज कुमार शर्मा, पीडी अजय सिंह उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुब मिश्रा, उपनगर आयुक्त शिप्रा पांडे, प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय अमृता शर्मा ,मुख्य कृषि अधिकारी ए0के0 वर्मा , अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि पीके दिक्षित, हरीश कुमार, अधिशासी अभियन्ता ओपी सिंह, सिंचाई ऐएस नेगी, विद्युत विजय सकारिया, जल संस्थान अजय कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी श्याम आर्या, सीवीओ ड0 एसडी पांडे सीएफओ ईशान कटारिया, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# अवैध कालोनियों में फिर चला ध्वस्तीकरण अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा अनाधिकृत कालोनियों जिनके विरूद्ध दिये गये नियमानुसार ध्वस्तीकरण आदेश के तहत काशीपुर में विभिन्न जगहों पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं प्राधिकरण की टीम द्वारा उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। तहसील काशीपुर के मौ0 खालसा, तहसील काशीपुर व आशियाना कालौनी बैलजुड़ी तहसील काशीपुर के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पन्न की गई। उपाध्यक्ष, श्री रूहेला द्वारा अनाधिकृत कालोनियों आदि के विरूद्ध भविष्य में भी कार्यवाही गतिमान रहने हेतु अवगत कराया गया एवं आमजन/कालोनाईजरों से यह अपील की गयी कि विधिवत मानचित्र/तलपट मानचित्र स्वीकृत किये जाने के उपरान्त ही निर्माण/विकास की कार्यवाही करें। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण द्वारा आमजन से यह भी अनुरोध किया जाता है कि भूखण्ड को क्रय करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त कालोनी का विधिवत मानचित्र प्राधिकरण से विकासकर्ता/ विक्रेता द्वारा स्वीकृत करवाया गया हो, ताकि वे भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचे रहें। प्राधिकरण की ओर से अवर अभियंता क्षेत्रीय कार्यालय काशीपुर व अवर अभियंता, मुख्यालय एवं अन्य प्राधिकरण कर्मचारी आज की कार्यवाही में सम्मिलित रहे।





भाजपा नेता सुरेश गंगवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजनैतिक हालातों को लेकर चर्चा भी की

# मेंटल हेल्थ का प्रचार प्रसार करने के दिये निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार अध्यक्षता में आज राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को मेंटल हेल्थ पॉलिसी पर पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। डॉ.आर राजेश कुमार ने कहा कि आई०ई०सी० के माध्यम से मेंटल हेल्थ का प्रचार-प्रसार किया जाए व सभी जनपदों में जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आयोजित हैल्थ कैम्पों में मेंटल हेल्थ के विशेषज्ञों को आवश्यक रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग मानसिक रोग में इस्तेमाल होने वाले सभी आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करे । उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के रिक्त गैर-सरकारी पदों के संबंध में शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाए। डॉ.आर राजेश कुमार ने कहा की आउटीच हैल्थ कैम्प में मेंटल हैल्थ विषय पर जागरूकता एवं परामर्श को बढ़ावा दिया जाए। इस विषय पर कार्य करने के लिए सभी जनपदों को निर्देशित करने के लिए आदेश दिए गए।

# बच्चों को दी रेडक्रास के सिद्धांतों की जानकारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज में रेडक्रॉस के सिद्धांतों के बारे में भारतीय रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉक्टर सोनू विश्वास ने बच्चों को बताया कि भारतीय रेड क्रॉस का मूल सिद्धांत जाति धर्म वर्ग भाषावाद आदि से ऊपर उठकर मानव सेवा ही सर्वोपरि है। रेड क्रॉस दिवस प्रथम शांति नोबेल पुरस्कार विजेता एवं रेड क्रॉस के संस्थापक सर हेनरी डोनेट के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। सर हेनरी डोनेट का जन्म 8मई 1828 में स्विट्जरलैंड के जिनोवा नामक शहर में हुआ था सन 1859 में सुलफेरिन युद्ध मैदान में जब सैनिकों को तड़पते मरते हुए देखा तब कुछ समाज सेवकों साथ लेकर एक संस्था का निर्माण किया जो घायल सैनिकों को प्राथमिक उपचार एवं राहत दे सके। आती हैं या कोई व्यक्ति घायल अवस्था में है या किसी को मदद की जरूरत है रक्तदान शिविर स्वास्थ्य शिविर नेत्र शिविर एवं स्वच्छता अभियान चलाया



जाता है। डा. सोनू विश्वास ने बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरण किया। इस अवसर पर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परशुराम दिवाकर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजीव सरना, रेड क्रॉस जिला आगे चलकर संस्था का नाम रेडक्रॉस सोसाइटी पड़ा। जहां भी कोई आपदा चाहे स्वास्थ्य संबंधी समय-समय पर भारतीय रेडक्रास समिति समिति द्वारा प्रतिनिधि सुधाकर दुबे, दीपांकर मंडल, मनोज राय, रिजवान अली आदि मौजूद रहे।

# निकाय चुनाव के लिए भाजपाईयों ने बनाई रणनीति

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला ने बिगवाड़ा स्थित पार्टी कार्यालय में निकाय चुनाव को लेकर क महत्वपूर्ण बैठक बुलाई जिसमें जिले भर के मंडल अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी व जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का शुभारम्भ मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर हुआ। बैठक में स्वागत भाषण देते हुए जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि हाल ही में अभी उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव संपन्न हुए हैं और हमारे कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर जी तोड़ मेहनत की है इसके बहुत सुखद परिणाम 4 जून को आने वाले हैं। नगर निकाय चुनाव भी जल्दी होने वाले हैं, इसको लेकर एक बार फिर से हम सभी को सक्रिय होकर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है और हम सभी कार्यकर्ताओं के बल पर सभी निकायों मे बेहतर प्रदर्शन करते हुए नगर निगम,नगर पालिका,नगर पंचायत मे




भाजपा का परचम लहराएंगे। बैठक लेने के लिए मुख्य रूप से आए प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी व जिला प्रभारी उधम सिंह नगर पुष्कर काला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव देश का चुनाव होता है इसके विषय देश एवं राज्य स्तर के होते हैं जबकि निकाय चुनाव स्थानीय मुद्दों पर आधारित होता है। इसमें हमारे व्यक्तिगत मेहनत परिश्रम के अनुसार जनता विश्वास व्यक्त करती है। सभी को एक बार मैदान में जुट जाने की आवश्यकता है, संगठन स्तर पर हम अपने पन्ना प्रमुख से लेकर बूथों की समितियां को दुरुस्त कर लें ताकि नगर निकाय चुनाव में आते समय हम पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ने की स्थिति में हो। पुष्कर काला ने कहा कि अभी हमें आवश्यकता है कि अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची में अधिक से अधिक वोटो को जुड़वाने का कार्य करें कोई भी व्यक्ति वोट बनवाने से छूट न जाए इसकी चिंता हमें जमीन स्तर पर करनी है। प्रभारी काला ने कहा निकाय क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष हर प्रकार के आरक्षण की स्थिति के अनुसार दावेदारी करना प्रारंभ कर दें जिससे जैसे ही निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो तो हम पार्षद, सभासद के लिए योग्य कार्यकर्त्ता को मैदान मे उतार सकें। जिला प्रभारी ने कहा कि वह जल्द ही पूरे जिले का भ्रमण करेंगे और सभी निकाय क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर निकाय चुनाव की तैयारी की समीक्षा करेंगे। प्रभारी बोले हम उधम सिंह नगर जिले में नगर निगम से लेकर सभी नगर पालिकाएं नगर पंचायत भारी मतों से जीतेंगे हमारे सर्वाधिक पार्षद, सभासद चुनकर आएंगे, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय चुनाव में जुटने का आह्वान किया। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निकाय चुनाव में हम अपनी कमर कस ले अब बस थोड़े समय मे निकाय चुनाव होने वाले हैं । हम सभी कार्यकर्ताओं को तैयारीयों मे जुट जाना चाहिए। कार्यक्रम में लोकसभा सयोजक विवेक सक्सेना, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नेतृपाल मौर्य, श्रीपाल राणा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, इंद्रपाल मान, राजेश तिवारी, भुवन जोशी, ओमनारयण, मयंक कक्कड़, विनय बत्रा, मोहन तिवारी, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, धीरेश गुप्ता, तरुण दत्ता, के के दास, अक्षय अरोरा, मनमोहन सक्सेना, अनिल यादव, जीवन धामी, रश्मि रस्तोगी, मोहिनी पखरिया, विमला मंडोला, महेंद्र वाल्मीकि, जुल्फेकार अली, बिट्टू चौहान, सुनील यादव, हरीश खानवानी, विवेक राय, आदेश चौहान, विष्णु प्रमाणिक, किशोर जोशी व अन्य लोग मौजूद रहे।



Swarnika
विरासत संस्कृति की...
उत्तराखण्ड में
सबसे कम गोल्ड रेट
GIA
Certified Diamonds
देवभूमि ज्वैलरी कलैक्शन
इस अक्षय तृतीया स्वर्णिका ज्वैलर्स प्रस्तुत करता है उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति को संजोए हुये ज्वैलरी का विशेष संग्रह
अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं
अक्षय तृतीया मेला ऑफर
खुशियों एवं त्यौहारों का संगम...
3+1 ऑफर, लाभ के 15 दिन
1 मई से 15 मई
18KT के बदले 22KT*
22KT के बदले 24KT*
0% कटौती आपके पुराने गोल्ड बदलने पर
25% तक की छूट सोने के आभूषणों की बनबाई शुल्क पर
25% तक की छूट आभूषणों के हीरों पर
+
2000 Rs/10 gm* की छूट हीरे के आभूषणों की बनवाई पर
रूद्रपुर
होटल अम्बर के सामने, काशीपुर बाई पास रोड, उत्तराखण्ड - 263153
मो. 9634243600, 7617636999
हल्द्वानी
बिल्डिंग, भोटिया पड़ाव, नैनीताल रोड - 263139
मो. 7618360009, 7617536999
खटीमा (23 मई 2024 से)
भारत पैट्रोलियम पम्प के पास, टनकपुर रोड, अमाऊ, खटीमा
मो. 7617596999, 7617796999

## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# कोरोना टीकाकरण के दुष्प्रभाव

एक बार फिर भारत में हुआ कोरोना टीकाकरण सवालों के घेरे में आ गया है। दरअसल, ब्रिटेन की कोरोना टीका बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने वहां के उच्च न्यायालय में स्वीकार किया है कि उसके टीके का दुर्लभ मामलों में दुष्प्रभाव हो सकता है। इससे खून के थक्के जमने, खून में प्लेटलेट घटने और इस वजह से दिल का दौरा पड़ने का खतरा हो सकता है। अब कंपनी ने दुनिया भर से अपने टीके वापस मंगाने का फैसला किया है। इससे भारत में भी लोगों में एक प्रकार का खौफ पैदा हो गया है। दरअसल, भारत में लगाया गया कोविशील्ड टीका एस्ट्राजेनेका के फार्मूले पर ही तैयार किया गया, जिसका उत्पादन पुणे के सीरम इंस्टीट्यूट ने किया था। हमारे यहां इसके टीकाकरण को लेकर शुरू में ही विवाद छिड़ गया था। तब विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि उचित प्रक्रिया से परीक्षण किए बगैर इसे व्यापक स्तर पर लगाया जा रहा है। मगर तब सरकार, तमाम चिकित्सा विशेषज्ञ, यहां तक कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने भी बार-बार लोगों को आश्वस्त किया था कि कोरोना के टीके पूरी तरह सुरक्षित हैं। मगर इस हकीकत से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि कोविशील्ड को चूंकि ब्रिटेन में मान्यता मिल चुकी थी, इसलिए भारत में उसे तीन के बजाय दो चरण में परीक्षण कराने के बाद ही मंजूरी दे दी गई थी। टीकाकरण के बाद यहां भी कई लोगों ने शिकायत करनी शुरू कर दी थी कि उनके शरीर पर टीके का दुष्प्रभाव पड़ा है। पिछले साल जब देश में दिल का दौरा पड़ने के मामलों में उछाल दर्ज किया गया, उत्सवों में नाचते, कसरत करते या खेलते हुए अचानक लोगों के गिर कर मर जाने की घटनाएं बढ़ गईं, तो इसे लेकर संसद के मानसून सत्र में सवाल भी पूछे गए। तब स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि इस पर अलग-अलग संस्थाएं अध्ययन कर रही हैं और उनके नतीजे आने के बाद स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। मगर अभी तक इससे जुड़े एक भी अध्ययन की रिपोर्ट सामने नहीं आ सकी है। अब भी चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी टीके का दुष्प्रभाव उसके लगाने के चार से छह हफ्तों में प्रकट हो जाते हैं। अब दो साल से अधिक समय बीत जाने के बाद ऐसा कोई खतरा नहीं रह गया है। मगर लोगों में इसके दुष्प्रभावों को लेकर जो भय पैदा हो गया है, उसके निराकरण की दरकार बनी हुई है। यह ठीक है कि जिस तरह कोविड ने पांव पसारना शुरू किया था और उसकी चपेट में आकर लोगों की मौत हो रही थी, उस पर काबू पाने के तत्काल उपाय की जरूरत थी। ऐसे में कोविशील्ड और कोवैक्सीन के उत्पादन से काफी राहत मिली थी। मगर सरकार इस तथ्य से आंख नहीं चुरा सकती कि टीकाकरण में जल्दबाजी दिखाई गई और इन्हें लेने के लिए लोगों को बाध्य किया गया। यह भी तथ्य है कि दुनिया का कोई भी टीका सौ फीसद सुरक्षित होने का दावा नहीं कर सकता, हर किसी का कोई न कोई दुष्प्रभाव होता ही है। मगर इस आधार पर कोविशील्ड और कोवैक्सीन को संदेह के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। अभी तक सरकार कोरोना से हुई मौत के वास्तविक आंकड़े न जारी करने को लेकर सवालों से घिरी हुई है, अगर कोविशील्ड को लेकर भी उसने टालमटोल का रवैया अख्तियार किया, तो विवाद और बढ़ेगा ही।

# मुख्य न्यायाधीश का आदेश क्रांतिकारी कदम: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने कहा है कि उच्च न्यायालय के स्थानान्तरण के बाद मुख्य न्यायाधीश ऋतु बहारी तथा न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल का आदेश जनभावनाओं तथा प्रदेश के हित में उठाया एक क्रांतिकारी कदम है। जिसका सम्पूर्ण अधिवक्ता समाज तथा प्रदेश की जनता स्वागत करती है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा माननीय न्यायाधीशगण ने जनता की कठिनाइयों को महसूस किया जिसके लिए प्रदेश की जनता तथा सम्पूर्ण अधिवक्ता समाज उनका आभार व्यक्त करता है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि नैनीताल के कुछ अधिवक्ता इसे पर्वत और मैदान की लड़ाई बता कर उत्तराखंड के माहौल को खराब कर अपने व्यक्तिगत हित साधने के प्रयास में हैं। उन्होंने सरकार से माँग की है कि इस प्रकार के भेदभाव पैदा करने वाले वकीलों के विरुद्ध कड़ी कानूनी करवाई करनी चाहिए ताकि प्रदेश में क्षेत्रवादी ताकतें माहौल खराब से बाज रहें। उन्होंने कहा उत्तराखंड उच्च न्यायालय के भविष्य के विस्तार की चिंताओं को देखते हुए न्यायालय का आदेश मनन करने योग्य है। माननीय उच्च न्यायालय ने ऋषिकेश स्थित खाली पड़ी भूमि के लिए जो सुझाव दिया है वो भी स्वागत योग्य है तथा जंगलात की जमीन तथा दरख्तों को बचाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष कमल चिलाना ने कहा कि नैनीताल में उच्च न्यायालय का होना जनता तथा आम अधिवक्ताओं के लिए एक दु:स्वप्न है। बार के पूर्व अध्यक्ष आर.पी. सिंह तथा वीरेंद्र गोस्वामी ने कहा कि नैनीताल से हाईकोर्ट हटने पर आम अधिवक्ताओं को बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अभिनव छाबड़ा ने कहा कि जो कार्य जनप्रतिनिधियों को करना चाहिए था उसे माननीय हाईकोर्ट ने खुद आदेश कर क्रांतिकारी इतिहास रच दिया है। सम्पूर्ण छात्रशक्ति माननीय न्यायाधीशगणों का अभिनन्दन करती है। वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव फौगाट ने कहा कि पिछले 24 साल से जनता न्याय के लिए अन्याय सहन कर रही थी उससे अब जनता को शीघ्र मुक्ति मिलेगी ऐसा उन्हें विश्वास है। वरिष्ठ अधिवक्ता महेश बब्बर तथा सुरेन्द्र गिरधर ने कहा कि माननीय उच्चन्यायालय के सात मई के आदेश का तुरन्त पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में अधिवक्ता खडग सिंह विर्क, जसवंत सिंह, जुगल गोस्वामी, गुरुबाज सिंह नारँग, सुरेंद्र नरूला, अमित कालरा, सतपाल सिंह कालड़ा, आदित्य सिंघल, सूरज सक्सेना, मुहम्मद रेहान, अखलाक मलिक, शाजिया अली, प्रीतम लाल मक्कड़, बंटी ग्रोवर, सुरभि आहूजा, होमी कुरेशी, गौरव बिष्ट, सुगम गगनेजा, अमित छाबड़ा, अजय यादव, मक्खन सिंह मदन लाल अरोडा, शिवकुमार शर्मा, संजय अरोड़ा, राजीव ग्रोवर शरनजीत कौर, अमित मेहंदीरत्ता गौरव मिड्ढा प्रियंका चिलाना तथा पूर्व सचिव नरेश कुमार छाबड़ा समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद थे। सभी अधिवक्ताओं ने एक स्वर से नैनीताल से हाई कोर्ट को तुरंत हटाने की मांग की और राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर उसने माननीय उच्चन्यायालय के आदेश तथा जनभावनाओं के अनुरूप हाई कोर्ट को नैनीताल से नहीं हटाया तो इसके लिए व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा।

# पत्रकार गजेंद्र रावत ने डीजीपी से लगाई न्याय की गुहार

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य के विभिन्न मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखने वाले पत्रकार गजेंद्र रावत के विरुद्ध देहरादून के डालनवाला थाने में धार्मिक भावना आहत करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में अब पत्रकार गजेंद्र रावत ने पुलिस महानिदेशक से न्याय की गुहार लगाई है। पत्रकार गजेंद्र रावत के खिलाफ एक मई को मुकदमा दर्ज किया था। बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डाक्टर हरीश गौड़ द्वारा दर्ज करवाए गए इस मामले को लेकर गजेंद्र रावत ने उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक को विस्तृत पत्र लिखकर बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। गजेन्द्र रावत ने अपने इस पत्र में हरीश गौड़ के साथ हुए वार्तालाप का विस्तृत ब्योरा देकर अपने



परिजनों के साथ किसी अनहोनी की आशंका भी व्यक्त की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के कर्मचारी जो कि कर्मचारी सेवा आचरण नियमावली के अधीन आते हैं। वो चुनाव आचार संहिता लागू रहने के दौरान मुझ पर ऐसा मुकदमा कैसे कर सकते हैं ? उन्होंने कहा है कि उनके साथ या उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसके जिम्मेदार बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय होंगे। गजेन्द्र रावत का कहना है कि उन्होंने फोन पर हरीश गौड़ से बात की तो उन्हें पता चला कि बद्रीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के कहने पर करवाया गया है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने दबाव डालकर उनसे यह काम करवाया और मुकदमा न करने पर नौकरी जाने की धमकी दी। हरीश गौड़ ने यह भी बताया कि इससे पहले अजेंद्र अजय उन्हें कई महीने बाहर बैठा चुके हैं। उन्होंने कहा है कि तीर्थ पुरोहितों द्वारा जिस प्रकार केदारनाथ के गर्भ गृह में लगे सोने का पीतल होने के वीडियो जारी किए गए, वो देश-दुनिया में प्रसारित हुए। उससे करोड़ों भक्तों के साथ मेरी भी धार्मिक आस्था आहत हुई है। इसलिए अजेंद्र अजय पर मुझे प्रताड़ित करने व केदारनाथ के करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावना को आहत करने का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। मेरी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। केदारनाथ में पंडा पुरोहितों के सोने से पीतल वाले आरोप, अजेंद्र अजय के कार्यकाल में अभी तक हुए सभी कामों की निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है।

# ड्रेनेज प्लान बनाकर शासन को भेजने के दिये निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग उत्तराखण्ड दीपक कुमार ने बुधवार को विकास भवन सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने ग्राम विकास आजीविका मिशन, एन. यु. एल. एम., जल जीवन मिशन, सिंचाई, लघु सिंचाई, होम स्टे, स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य, राष्ट्रीय पोषण मिशन, कृषि विकास मिशन, कृषि सिंचाई, फसल बीमा योजना, सीएम हेल्पलाइन, वनाग्नि सुरक्षा, मानसखंड माला मिशन आदि योजना कार्यों की गहन समीक्षा की।सचिव दीपक कुमार ने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की गुणवत्ता, पैकिंग के साथ ही विपणन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये ताकि समूहों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके। इसके लिए उन्होंने परियोजना निदेशक व सहायक परियोजना निदेशक व उपायुक्त नगर निगम को समूहों का विश्लेषण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग को चालू तीनों कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सिंचाई विभाग सिंचाई हेतु बडे प्रस्ताव बनाने के साथ ही शहर का ड्रेनेज प्लान बनाकर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता ने सिंचाई ने बताया कि उनके द्वारा नाबार्ड फंडिंग से जल संरक्षण हेतु 148 रिचार्ज शाफ्ट काशीपुर व जसपुर ब्लॉक में बनाये गये हैं साथ ही उन्होंने बताया कि 1500 वर्ग मीटर का तालाब भी जल संरक्षण हेतु



बताया कि सिंचाई विभाग कार्यालय भवन का निर्माण कार्य दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जायेगा साथ ही बौर व हरिपुरा जलाशयों का पुनरुद्धार कार्य भी पूर्ण कर लिया जायेगा। अधि0 अभियंता लघु बनाया जा रहा है जो ग्राम सभा को हस्तगत किया जाएगा जिसमें मछली पालन का कार्य भी किया जायेगा। सचिव दीपक कुमार ने जल जीवन मिशन कार्यों को शीघ्रता से करते हुए माह जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए उन्होंने पर्यटन अधिकारी को जनपद में होमस्टे योजना के अंतर्गत होमस्टे क्लस्टर बनाने के निर्देश देते हुए चालू वित्तीय वर्ष में 100 होमस्टे बनाने का लक्ष्य भी दिया। साथ ही उन्होने वाटर स्पोर्ट्स को बढावा देने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होने जनपद में पर्यटन को बढावा देने हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पर्यटन नगर निकाय, मत्स्य विभाग, सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम बनाकर कार्य योजना बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी के आयुष्मान कार्ड बनाने, शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों में शौचालय बनाने व कृषि विभाग को आर्गनिक कृषि के साथ ही परम्परागत व गैर-परम्परागत कृषि को बढावा देने के निर्देश दिए व कृषकों की कार्यशाला आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए मत्स्य प्रजाति विविधिकरण को प्रोत्साहित करने के साथ ही सिंचाई विभाग के साथ समंन्वयन करते हुए मत्स्य पालन करने व मत्स्य पालन संबंधी नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकी का विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सड़क महकमें को सड़कों को गड्ढामुक्त करने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों का समय से निस्तारण करने, वनाग्नि सुरक्षा एवं मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने हेतु वनों में फलदार पेड़ लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कृषि सिंचाई फसल बीमा योजना के साथ ही साइबर सुरक्षा हेतु जन जागरूकता, विद्यालयी स्तर पर शिविर का आयोजन कर जागरूक करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होने गेहूं कटान कर पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने काशीपुर एरोमा एवं ईएमसी पार्क के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिन कंपनियों द्वारा प्लाट लेकर अभी तक अपनी कम्पनी स्थापित नहीं किये गये हैं उनके प्रति कार्यवाही करने हेतु सुझाव शासन को प्रेषित करें। बैठक में पीडी अजय सिंह, डीडीओ सुशील डोभाल, एपीडी संगीता आर्य, प्रभागीय वन अधिकारी यू.सी. तिवारी, सीओ निहारिका तोमर, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 ए.के. वर्मा, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, उपायुक्त नगर निगम शिप्रा पाण्डे, अधीक्षण अभियंता पेयजल निगम मृदुला सिंह, डीएसटीओ नफील जमील, जिला शिक्षा अधिकारी डी सी राजपूत, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक
ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ
महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी
यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि

समस्याओं का समाधान
के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444


# आरटीआई लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक उपकरण: पाण्डे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जनपद ऊधमसिंह नगर में सूचना का अधिकार अधिनियम, कार्यालय प्रबंधन एवं शासकीय सेवा सम्बंधी नियमावलियों की जानकारी प्रदान किये जाने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जो कि शहीद ऊधमसिंह सभागार, विकास भवन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन डॉ0 आर0एस0 टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल से उपनिदेशक पूनम पंत, विशेषज्ञ सूचना का अधिकार राकेश पांडे ने जनपद के समस्त अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। पूनम पंत ने बताया कि अकादमी के द्वारा 2005 से लगातार सूचना के अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा



रहे है।उन्होंने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम भारत में सुशासन की अवधारणा को मजबूती से लागू किये जाने में एक उपकरण के रूप में कार्य करता है। राकेश पांडे विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षण दाता ने कहा कि यह अधिकार ताकत को सत्ता से जनता की और प्रवाहित करता है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह अत्यंत ही आवश्यक उपकरण है। उत्तराखण्ड इस अधिनियम को लागू करने में अग्रणी राज्य रहा है। उन्होंने सभी की समस्याओं को सुना उनके संशयों व प्रश्नों को भी निदान किया। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के लगभग 110 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण प्रतिभाग किया।

# झमाझम बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि, वनाग्नि से मिली राहत




देहरादून। उत्तराखंड में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच देर शाम पहाड़ी इलाकों में मौसम ने करवट बदली। टिहरी और उत्तरकाशी समेत ऊंचाई वाले इलाकों में जमकर बारिश हुई। वहीं, कई जगह ओलावृष्टि भी हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, बारिश होने से जंगलों में लग रही आग बुझने से भी लोगों को राहत मिली। पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में आज तेज हवाओं और आंधी चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत और नैनीताल में कुछ स्थानों पर बारिश के आसार हैं। वहीं, देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर और चमोली में हल्की बारिश की संभावना है। हालांकि विभाग की ओर से 40 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा और बागेश्वर में बादल फटा है और पुरोला उत्तरकाशी में ओलावृष्टि हुई है। मौसम विभग ने 13 मई तक उत्तराखंड के अलग-अलग इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। उत्तराखंड के जंगलों में धधक रही आग कहर बन कर टूट रही थी लेकिन अब इंद्र देवता इतने मेहरबान हुए कि राज्य में मौसमी मुसीबत का सामना करना पड़ रही है। राज्यों के कई इलाकों में बारिश होने से जंगलों की आग काफी हद तक शांत हो गई है। लेकिन बदले मौसम ने पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। वहीं पहाड़ से लेकर मैदान तक हुई बारिश ने मौसम सुहावना हो गया। रात से बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश से जंगलों में फैली धुंध साफ हो गया। वहीं दूसरी तरफ देर रात से बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सिरोहबगड़ में बंद चल रहा है। श्रीनगर गढ़वाल, यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में बादल छाए हुए हैं। यमुनोत्री हाईवे पर आवाजाही सुचारू रूप से हो रही है। मौसम विभाग की ओर से आज हल्के बादल छाए रहने के साथ ही बूंदाबांदी की संभावन जताई गई थी। साथ ही तेज हवाएं चलने से गर्मी से थोड़ा राहत भी। उत्तराखंड के अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, बागेश्वर जिलों में हुई भारी बारिश से जंगल की आग काफी हद तक शांत हो गई है। हालांकि कई इलाकों में बादल फटने, ओले और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा और बागेश्वर में बादल फटा है और पुरोला उत्तरकाशी में ओलावृष्टि हुई है। बादल फटने से इलाके में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। आईएमडी ने यात्रियों को बारिश के दौरान पहाड़ियों पर यात्रा करने से बचने की चेतावनी दी है। सीएम धामी ने मॉनसून आपदा न्यूनीकरण और चारधाम प्रबंधन पर अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। सीएम धामी ने अधिकारियों को पूरे संसाधनों का उपयोग करने का आदेश दिया और किसी भी चूक पर कार्रवाई की बात कही। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने एक पोस्ट में लिखा है कि लंबे इंतजार के बाद बारिश होने से जंगलों की आग बुझाने में सहायक हुई है। भगवान सुनता है कल सुबह मैंने लोगों से प्रार्थना की की आग बुझाने के लिए भगवान बद्रीनाथ केदारनाथ जी से प्रार्थना करें आज पहाड़ के कई हिस्सों में जमकर बारिश हुई है। आग बुझी है लेकिन जब हमारे पास एक सशक्त व्यक्ति था जो यूक्रेन के युद्ध को रोक सकता है तो उत्तराखंड तो छोटा राज्य है इसको आग से बचाया भी जा सकता था या आग को बुझाने के लिए केंद्रीय सहायता भी उपलब्ध करवाई जा सकती थी हमारे बहुमूल्य बहुमूल्य जंगल वन संपदा जलकर राख हो गई खैर ईश्वर ने मदद की है मैं उसके लिए परमपिता को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बारिश कर आग को बुझाया है।

## बारिश होने से काश्तकारों को मिली राहत,गर्मी से मिली निजात

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में हुई मूसलाधार बारिश और तेज गड़गड़ाहट के साथ कुछ स्थानों पर बारिश और ओलावृष्टि से पहाड़ की फिदा बदल गई, वही गेंहू की फसल को समेटने के बाद विभिन्न क्षेत्रों में काश्तकार सूखे असिंचित क्षेत्रो में बारिश होने और खेतों की जुताई करने का इंतजार कर रहे थे, वही मंगलवार के बाद मौसम का मिजाज बदला, वही बुधवार को दोपहर बाद फिर मौसम ने करवट बदली और जिले में घनघोर बारिश हुई, जिससे न केवल जंगलों में लगी आग से राहत मिली बल्कि किसानों और आमजन को भी चटक गर्मी1से राहत मिली है, वही अब बारिश होने1के बाद पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटनबढ़ने की उम्मीद है, जहां नैनीताल, मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विश्वविख्यात कौसानी, चौकोड़ी सहित अन्य पर्यटक स्थलों में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने से होटल व्यापारियों और आम व्यापारियों को भी पर्यटन क्षेत्र में अब पर्यटन व्यवसाय बढ़ने की उम्मीद जग रही है,वही अब काश्तकारों को भी खेतों में धान मडुवा, दालों की फसल बुवाई करने में आसानी होगी, वही सीजन में कई क्षेत्रों ने तेज बारिश से कई स्थानों में बर्षा जल से नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है।जिले के कपकोट, गरुड़ ध रमघर, कांडा, काफलीगैर सहित अन्य सभी स्थानों में तेज बारिश हुई है, वही कपकोट के पुड़घुनी सहित अन्य क्षेत्रों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है। कई स्थानों पर गदेरे उफान में दिखे।वही तेज गर्जना के साथ हुई बारिश से कई क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बाधित हुई वही कई गांवों में रात भर अंधेरा छाया रहा।

## शहीद गुरूओं की याद में सजाए धार्मिक दीवान



गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की सीमा पर स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर नवाब गंज में मई महीने की अमावस्या के अवसर पर गुरमत समागम आयोजित किए गये। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत हजूरी रागी भाई हरजीत सिंह, रुद्रपुर के भाई गुरजीत सिंह एवं रागी गुरदयाल सिंह दिनेशपुर के जत्थे द्वारा कीर्तन के साथ संगत को निहाल किया गया।कथावाचक भाई जसवीर सिंह द्वारा गुरू ग्रंथ साहिब जी के परिचय तथा गुरु शबद की कथा के उपरांत संगत को गुरबाणी के आधार पर अपने जीवन को संवारने का आहवान किया गया । ढाढी जत्था भाई गुरमीत सिंह रेहड़ बिजनौर वालों द्वारा गुरु हरगोबिंद जी के जीवन काल में हुए धर्म युद्धों का विस्तार से वर्णन किया गया । कविश्री जत्था भाई प्रवीण सिंह अंबाला द्वारा शहीदी इतिहास श्रवण कराकर संगत को धर्म एवं इतिहास के प्रति जागरूक किया।कविश्री जत्था बलविंदर सिंह पैगिया काशीपुर द्वारा बताया गया कि खालसा राज के दौरान सिख फौज के सहयोग से अफगानिस्तान, पाकिस्तान, जम्मू कश्मीर, पंजाब,लेह ,लद्दाख एवं चीन तक खालसा राज की सीमा का विस्तार हुआ था और महान योद्धाओं ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर के खालसा राज की स्थापना मैं महान योगदान दिया। कविश्री बलविंदर सिंह बेरिया द्वारा श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत का वर्णन करते हुए संगत को देश, समाज,धर्म एवं अपनी संस्कृति की रक्षा करने के लिए सभी को एकजुट होने की अपील की । इस अवसर पर कविश्री भाई सतनाम सिंह शौंकी द्वारा शहीदी इतिहास सुनाकर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की गई, कथावाचक भाई नरेंद्र सिंह द्वारा गुरमत सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम संचालक भाई करमजीत सिंह द्वारा सभी संगत का धन्यवाद करते हुए गुरमत सिद्धांतों पर चलकर गुरु की कृपा के पात्र बनने का आहवान किया। इस अवसर पर दूर दराज से आई हजारों की संख्या में संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को माथा टेका तथा पवित्र सरोवर में स्नान करके गुरु का लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया ।

## महिला की मौत के बाद टुकटुक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। टुकटुक की टक्कर से घायल महिला की मौत के बाद परिजनों ने आरोपी टुकटुक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में हीरा मोहन राय पुत्र स्व.अरविन्द राय निवासी संजय नगर खेडा, वार्ड 11 ने कहा है कि एक मार्च को प्रात: उसकी माता सिन्धू राय किसी आवश्यक कार्य से किच्छा बाई पास रास्ते से होते हुये मोदी मैदान की ओर जा रही थी। तभी एफसीआई गोदाम के सामने पीछे से आ रहे टुकटुक संख्या यूके 06 ईआर 7142 के चालक मंजीत सिंह पुत्र मान सिंह निवासी कृष्णा कालौनी वार्ड 2 ट्रांजिट कैम्प द्वारा टुकटुक को तेजी से चलाते हुये उसकी माता सिन्धू राय को पीछे से जोर से टक्कर मार दी। जिससे माता बुरी तरह घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल माता को ईलाज हेतु जिला अस्पताल लेकर आया। जहां उनकी हालत गम्भीर देखते हुये उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी माता की मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी टुकटुक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लेखपाल संघ ने जताया विरोध

हल्द्वानी। प्रमाण पत्रों में रिपोर्ट न लगाने के मामले में स्थानीय प्रशासन की ओर से लेखपालों को नोटिस जारी करने का उत्तराखंड लेखपाल संघ ने विरोध जताया है। संघ का कहना है कि इस मामले में वह प्रदेश भर के पदाधिकारियों से रायशुमारी कर आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे।बता दें कि विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों ने प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट लगाने का बहिष्कार किया है। इस कारण अधिकतर तहसील क्षेत्रों में आय, जाति, हैसियत व जन्म मृत्यु जैसे प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। प्रमाण पत्र बनवाने तहसीलों में पहुंच रहे लोगों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। लेखपालों के बहिष्कार को देखते हुए मंगलवार को हल्द्वानी के उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने हल्द्वानी और लालकुआं के लेखपालों को नोटिस जारी किए थे। उत्तराखंड लेखपाल संघ के प्रदेश महामंत्री तारा चंद्र घिल्डियाल का कहना है कि लेखपाल यह नहीं चाहते कि प्रमाण पत्र न बनें। वह चाहते हैं कि उनकी समस्याएं हल हों जो कि उत्तराखंड के अलग राज्य बनने के बाद से अब तक नहीं हुई हैं। कहा कि इस संबंध में पदाधिकारियों से वार्ता की जा रही है। वार्ता के बाद आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

## खनन को लेकर दो पक्षों में टकराव, कई घायल, 15 नामजद

गदरपुर(उद संवाददाता)। अवैध रूप से मिट्टी खनन कर रहे लोगों का ग्रामीणों ने विरोध किया तो गांव के ही दूसरे पक्ष के लोग विरोध कर रहे लोगों से आपस में भिड़ गए और मारपीट करने पर उतारू हुए जिसमें एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि कुछ अन्य लोगों को मामूली चोटे भी आई है। मामला ग्राम कुईखेड़ी में मंगलवार का है पीड़ित गुरमीत कौर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पति जरनैल सिंह पुत्र केहर सिंह व रमेश सिंह पुत्र सुरजीत सिंह के साथ हल्का पटवारी के निर्देश पर नदी पर गए थे जहां अवैध खनन हो रहा था उनका आरोप है कि वहा मौके पर राजेंद्र सिंह पुत्र दयाल सिंह, जसवंत सिंह, लाल सिंह, अमित सिंह पुत्र जसवंत सिंह, कुलदीप सिंह पुत्र तेजा सिंह, मनदीप सिंह पुत्र तेजा सिंह, नरेंद्र सिंह पुत्र कुलवंत सिंह, पलविंदर सिंह पुत्र कुलवंत सिंह व अन्य लोग लोहे की रोड आदि लेकर हमले पर उतारू हो गए जिससे पीड़ित का पति जरनेल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं पीड़िता गुरमीत कौर ने उक्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, अमित सिंह, कुलदीप सिंह, मनदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह सहित अन्य लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 324, 352 के तहत केस दर्ज कर लिया है वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी पुलिस ने जरनैल सिंह, रमेश सिंह, रमेश सिंह उर्फ निक्कू, संजू सिंह, विजय सिंह, राजपाल सिंह, दीपक सिंह, मलकीत सिंह पर धारा 147, 148, 323, 427, 504,506 के तहत केस दर्ज कर लिया है वहीं थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया है कि दोनों पक्षों की तहरीर पर 15 नामजद सहित कुछ अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है मामले की जांच चल रही है।

## पेज एक का शेष...

**बादल फटने से ...**दब गया। एक घंटे बाद बारिश थमने के बाद ग्रामीणों ने घरों में पहुंचने की हिम्मत जुटाई। दहशत के कारण ग्रामीण पूरी रात नहीं सो सके। अल्मोड़ा-कौसानी हाईवे बंद होने से वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। कई वाहन फंसे रहे। कई वाहन मलवे में दब गये। हालांकि प्रशासन ने सड़क खोलने के लिए जेसीबी मौके पर भेजी, लेकिन देर रात तक भी आवाजाही शुरू नहीं हो सकी थी। एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने प्रात: चनौदा सोमेश्वर मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह व पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। यातायात खुलवाने के लिए जेसीबी मशीनों से मलवा हटाने का काम शुरू किया गया। मलवे में कुछ वाहन भी दब गये थे उन्हें बमुश्किल निकाला गया। बारिश न होने से क्षेत्र में बहने वाली साईं और कोसी नदी सूखने के कगार पर पहुंच चुकी थीं। बुधवार को हुई भारी बारिश के बाद दोनों नदियां अचानक उफान पर आ गईं। पहली ही बारिश में दोनों नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया। सोमेश्वर की तहसीलदार खुशबू पाण्डे ने कहा कि भारी बारिश से सोमेश्वर के चनौदा और अघूरिया में कुछ घरों में मलबा घुस गया। अल्मोड़ा-कौसानी हाईवे भी मलबा आने से बंद हो गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

**चारधाम यात्रा के लिए..** पत्नी गीता धामी भी थी। स्पोर्ट्स स्टेडियम में बने हेलीपैड पर वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक बाली सहित अन्य भाजपाईयों ने मुख्यमंत्री का बुके भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सीएम धामी ने स्टेडियम में डीएम व एसएसपी समेत जिले के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक पेयजलापूर्ति के साथ ही कई अन्य मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। इसके बाद सीएम धामी स्वर्गीय कैलाश चंद्र गहतोड़ी के आवास पर पहुंचे और उनके परिवार को सांत्वना देते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि चार धाम यात्रा को लेकर सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई हैं। सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुखमय हो, इसके लिए सरकार द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इस दौरान निवर्तमान मेयर उषा चौधरी, सीमा चौहान, डा. गिरीश तिवारी, अभिषेक गोयल, पुष्कर बिष्ट व गंधार अग्रवाल आदि थे।

**अटरिया मेले से कमाये...**का निर्देश दिया। बताया जाता है कि मन्दिर समिति द्वारा अभी तक मेले की नीलामी का सम्पूर्ण शुल्क अभी तक जमा नही कराया गया है। अब देखना यह होगा कि बिना अनुमति के लगाये गये मेले और उसके बावजूद अभी तक सरकारी शुल्क जमा न किये जाने के मामले में प्रशासन द्वारा मेला आयोजकों के खिलाफ क्या कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

## खाईबाड़ी करता सट्टेबाज गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान फरीदाबाद व गाजियाबाद का सट्टा खिलाते एक सट्टेबाज को हजारों की नगदी व सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अपर उप निरीक्षक नवीन जोशी, कांस्टेबल अमित जोशी व महेंद्र कुमार के साथ रम्पुरा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। जहां एक व्यक्ति खाईबाड़ी करता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अनिल कोली पुत्र गेदनलाल उर्फ कल्लू निवासी रम्पुरा वार्ड 23 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 2250 रूपये आदि सामान बरामद हुआ। पुलिस ने उसके विद्वद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## इबादत के लिए निकली किशोरी गायब



काशीपुर(उद संवाददाता)। भुल्लन शाह बाबा की मजार पर इबादत के लिए निकली एक किशोरी बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिक की दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर गड्ढा कॉलोनी निवासी शमीम अल्वी पुत्र जावेद ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बहन बीते 2 मई को घर से इबादत के लिए मोहल्ला कटोरा ताल स्थित भुललनबाबा की मजार के लिए निकली लेकिन वापस घर नहीं लौटी। काफी देर तक किशोरी के घर न लौटने पर परिजनों को चिंता सताने लगी। तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी को दी। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए धारा 365 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर गायक किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# हाईकोर्ट की बेंच ऋषिकेश आईडीपीएल क्षेत्र में शिफ्ट करने के आदेश से वकीलों में उबाल

## मुख्य न्यायाधीश ने हाईकोर्ट को गौलापार शिफ्ट करने को गलत कदम बताया



नैनीताल (उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में बहुचर्चित हाईकोर्ट की शिफ्टिंग का मामला एक फिर गरमा गया है। इस मसले पर विभिन्न वर्गों की अलग अलग राय रखी जा रही है लेकिन राज्य सरकार अब तक हाईकोर्ट के लिए उपयुक्त क्षेत्र में जमीन भी नहीं तलाश पायी है। वहीं आज उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऋषिकेश स्थित आईडीपीएल क्षेत्र में हाईकोर्ट की बेंच शिफ्ट करने का आदेश जारी कर दिया। आदेश जारी होते ही हाईकोर्ट बार उबल पड़ी। इससे वकीलों में भारी रोष है। सभी अधिवक्ता मुख्य न्यायदीश से मिले तो दोपहर दो बजे वार्ता का समय तय हुआ। हरिद्वार जिले में ऋषिकेश स्थित इंडियन ड्रग्स एंड फार्मासूटिकल लिमिटेड (आईडी पीएल) की कुछ याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में सुनवाई चल रही थी। इस याचिका में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी भी मामले में ऑनलाइन जुड़ी थी। सुनवाई के बाद आर्डर लिखाते समय मुख्य न्यायाधीश ने हाईकोर्ट को गौलापार शिफ्ट करने को गलत कदम बताते हुए कहा कि इसके लिए उपर्युक्त स्थल ऋषिकेश में आईडीपीएल की 850 एकड़ भूमि रहेगी। बताया गया कि इस भूमि में से 130 एकड़ भूमि में पूर्व कर्मचारी रहते हैं। न्यायालय में मौखिक आदेश पारित होते ही अधिवक्ताओं के बीच खलबली मच गई और सभी बार सभागार में एकत्रित हो गए। अधिवक्ता इतने नाराज दिखे की वो चलते कोर्ट में सीधे मुख्य न्यायाधीश से मिलने पहुंच गए। अधिवक्ताओं ने अपनी नाराजगी जताई तो न्यायालय ने उन्हें दोपहर दो बजे मिलने को कहा। वहीं वकीलों की नाराजगी के बाद मुख्य न्यायाधीश ने हाईकोर्ट की शिफ्टिंग के लिए 50 वर्षों के लिए हाईकोर्ट के विस्तार हेतु उपयुक्त जमीन तलाशने के विकल्प पर आम राय बनाने की अपेक्षा की है। वहीं बार एसोसिएशन ने आम सभा बुलाकर विस्तार से मंथन करने की तैयारी में जुट गया है। अधिवक्ता जितेंद्र चौधरी ने बताया कि उनकी याचिका के बाद आदेश लिखाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वो हाईकोर्ट को गौलापार शिफ्ट करने का वीरोध करते हैं। गढ़वाल क्षेत्र से आने वाले 70 प्रतिशत लोगों के लिए एक बेंच ऋषिकेश में स्थापित करने का प्रस्ताव किया। बांकी कुमाऊं के 30 प्रतिशत लोगों के लिए कोर्ट नैनीताल ही रहेगी। इस मौके पर हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष डीसीएस रावत, सचिव सौरभ अधिकारी, विजय भट्ट, प्रभाकर जोशी, सय्यद नदीम 'मून', विकास गुगलानी, पुष्पा जोशी, रमन साह, ललित बेलवाल, दीपप्रकाश भट्ट, कुर्बान अली, कैलाश तिवारी, सौरभ पाण्डे, दीप जोशी, भुवन रावत, दुष्यंत मैनाली, बीएस मेहता, अजय बिष्ट, सुहैल अहमद सिद्दीकी आदित्य साह आदि सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट के लिए चोरगलिया रोड पर भी ढूंढी जा रही जमीन

नैनीताल। हाईकोर्ट गौलापार में बनाया जाएगा। वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। लोनिवि एक-दो दिन में वन भूमि हस्तांरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर देगा। उधर जिला प्रशासन हाईकोर्ट के आवासीय परिसर के लिए चोरगलिया रोड पर वर्ग-4 की जमीन देखी जा रही है। बता दें कि, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की क्षेत्रीय अधिकार प्राप्त समिति की 24 जनवरी 2024 को हुई 84वीं बैठक के निर्णय पर चर्चा और विचार विमर्श किया गया। इसके तहत आरईसी ने उच्च न्यायालय के स्थानांतरण के लिए 26.08 हेक्टेयर भूमि के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। इसके बाद जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट के लिए जिले में कई जगह जमीन खोजी। चौसला (बेलबसानी) में भी जमीन चिह्नित



की गई लेकिन हाईकोर्ट के न्यायाधीशों ने इसे खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने प्रमुख सचिव लॉ-कैम-एलआर उत्तराखंड सरकार को पत्र भेजा था। इसमें गौलापार में हाईकोर्ट के लिए 20.8 हेक्टेयर जमीन के लिए नए सिरे से प्रस्ताव बनाने को कहा था। उधर नोडल एजेंसी पीडब्लूडी ने वन भूमि हस्तांतरण का प्रस्ताव नए सिरे से तैयार कर लिया है। एक दो दिन में इसे वेबसाइट में अपलोड कर दिया जाएगा। उधर हाईकोर्ट के आवासीय परिसर के लिए जिला प्रशासन चोरगलिया रोड पर जमीन खोज रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रशासन ने एक-दो जगह जमीन भी चिह्नित कर ली है। ये जमीन वर्ग-1 की है। सूत्र बताते हैं कि प्रशासन इस जमीन के बारे में जल्द ही हाईकोर्ट के जजों को दिखाएगा। वहां से हामी भरने पर प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

# संजय जुनेजा ने मेयर पद के लिए ठोकी दावेदारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने निकाय चुनाव में कांग्रेस से मेयर का टिकट लेने के लिए दावेदारी ठोकी है। उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा के कार्यालय पर पहुंचकर टिकट के लिए आवेदन किया। बता दें संजय जुनेजा बीते बारह वर्षों से व्यापार मण्डल अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। पहली बार 2012 में उन्होंने व्यापार मण्डल अध्यक्ष का चुनाव लड़ा था। इस बार 2024




में वह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। संजय जुनेजा व्यापारी हितों के लिए हमेशा संघर्षरत रहे हैं। व्यापारियों के लिए संघर्ष के चलते उन पर मुकदमे भी लगे जिनमें से कुछ मुकदमे अभी तक विचाराधीन हैं। वर्ष 2007 में राज्य सरकार की ओर से उन पर मुकदमा लगाया गया जिसमें उन्हें तीन दिन जेल भी रहना पड़ा। दो वर्ष बाद इस मुकदमे में वह बाइज्जत बरी हो गये। आवास विकास निवासी संजय जुनेजा ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष से अपनी बेदाग छवि को देखते हुए मेयर का टिकट दिलाये जाने का अनुरोध किया है।

# 'प्रोजेक्ट कल्याणी' के तहत कोलंबस स्कूल में कार्यशाला आयोजित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित कोलंबस पब्लिक स्कूलमें रोटरी क्लब, इंटरैक्ट क्लब, और रूद्रपुर नगर निगम ने संयुक्त रूप से विद्यालय की वरिष्ठ कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें प्रोजेक्ट कल्याणी के महत्वपूर्ण पहलू को उजागर किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों, कोलंबस पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा और विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात, विद्यालय के समूह गान दल के सदस्यों ने स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर मौजूद सभी अतिथियों का संगीतमय स्वागत किया। कार्यक्रम में पंतनगर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ0 बी. एस. बिष्ट ने प्रोजेक्ट कल्याणी पर अपने विचार व्यक्त कर अनुभव साझा किए। इस दौरान, इंटरैक्ट क्लब के सदस्य मौलिक कक्कड़ ने विद्यालय के छात्रों को कूड़े की पृथकीकरण के महत्व और इस समस्या के संभावित समाधानों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने सामाजिक सफाई अभियानों और कल्याणी नदी की वर्तमान स्थिति के बारे में छात्रों को








जागरूक किया और उन्हें समाज सेवा में अधिक सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान, कल्याणी नदी के उद्गम स्थल से लेकर इसके साफ पानी तक और फिर इसके प्रदूषित होने तक के सफर को एक डॉक्युमेंटरी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। साथ ही, रोटरी क्लब, साथी ग्रुप, और रूद्रपुर नगर निगम द्वारा किए गए सफाई के प्रयासों को भी एक चलचित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया ताकि लोग जागरूक हों और अधिक से अधिक लोग इस सफाई अभियान में अपना योगदान दे सकें। कार्यशाला के अंत मेंविद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने छात्रों को प्रोजेक्ट कल्याणी में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक और पर्यावरणिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो छात्रों को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करता है और उन्हें समाज सेवा के महत्व को समझाने में सहायक होता है। इस दौरानविभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिजैसे कि रोटेरियन सुमित सिंह बेहल, रोटेरियन अशोक अग्रवाल, रोटेरियन ओम सिंघल,नीलम कोहली (नगर निगम की ब्रांड एम्बेसडर), इंटरैक्ट एडवाईजर रोटेरियन अनुप्रिया अरोड़ा, और प्रोजेक्ट कल्याणी कोडिनेटर गौरी गग्नेजा आदि मौजूद रहे।